इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

# मध्यप्रदेश राजपत्र

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 49 ] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 8 दिसम्बर 2017—अग्रहायण 17, शक 1939

# भाग ४

**विषय-सूची**


| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | (1) मध्यप्रदेश विधेयक, | (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, | (3) संसद में पुर:स्थापित विधेयक. |
| (ख) | (1) अध्यादेश, | (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, | (3) संसद के अधिनियम. |
| (ग) | (1) प्रारूप नियम, | (2) अन्तिम नियम. | |


## भाग ४ (क)—कुछ नहीं

## भाग ४ (ख)—कुछ नहीं

## भाग ४ (ग)

## अंतिम नियम

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 7 दिसम्बर 2017

क.एफ 2(अ)70/2012/बी–4/दो–भारत के संविधान के अनुच्छेद, 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, एतद्द्वारा, मध्यप्रदेश पुलिस तकनीकी कार्यपालिक(अराजपत्रित) तृतीय श्रेणी के सदस्यों की भर्ती तथा सेवा शर्तो के सबंध में निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थातः–

## नियम

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ –**

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश पुलिस तकनीकी कार्यपालिक (अराजपत्रित) तृतीय श्रेणी सेवा भर्ती नियम, 2017 है:

2) ये मध्यप्रदेश राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं** – इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) "नियुक्ति प्राधिकारी" से अभिप्रेत है, अनुसूची–एक के कालम (8) में यथा विनिर्दिष्ट प्राधिकारी;

(ख) "समिति" से अभिप्रेत है, अनुसूची–चार में यथा विनिर्दिष्ट विभागीय पदोन्नति समिति.

(ग) "महानिदेशक" से अभिप्रेत है, पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश;

(घ) "परीक्षा" से अभिप्रेत है, नियम 11 के अधीन सेवा में भर्ती के लिये प्रतियोगिता परीक्षा;

(ड.) "सरकार" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश सरकार;

(च) "राज्यपाल" से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश के राज्यपाल;

(छ) "अन्य पिछड़ा वर्ग" से अभिप्रेत है, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर यथा संशोधित अधिसूचना क्र. एफ–8–5–पच्चीस–4–84, दिनांक 26 दिसम्बर, 1984 द्वारा यथा विनिर्दिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़े वर्ग;

(ज) "अनुसूची" से अभिप्रेत है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

(झ) ''अनुसूचित जाति'' से अभिप्रेत है, कोई जाति, मूलवंश या जनजाति अथवा किसी जाति, मूलवंश या जनजाति का भाग या उसमें का यूथ जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जाति के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो.

(ञ) ''अनुसूचित जनजाति'' से अभिप्रेत है, कोई जनजाति या जनजाति समुदाय अथवा जनजाति या जनजाति समुदाय का भाग या उसमें का यूथ जो भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन मध्यप्रदेश राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजाति के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया हो.

(ट) ''सेवा'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश पुलिस तकनीकी कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा;

(ठ) ''राज्य'' से अभिप्रेत है, मध्यप्रदेश राज्य।

3. **विस्तार तथा लागू होना** – मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में अंतर्विष्ट उपबन्धों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ये नियम सेवा के प्रत्येक सदस्य को लागू होंगे.

4. **सेवा का गठन** – सेवा में निम्नलिखित व्यक्ति होंगे, अर्थात् :–

(1) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के समय, अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट पदों को मूल रूप से या स्थानापन्न रूप में धारण कर रहे हों;

(2) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के प्रारंभ होने से पूर्व सेवा में भर्ती किये गये हों, और

(3) वे व्यक्ति, जो इन नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा में भर्ती किये गये हैं.

5. **वर्गीकरण, वेतनमान आदि** – सेवा का वर्गीकरण, उससे संलग्न वेतनमान तथा सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या, अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट किये गये अनुसार होगी, परन्तु सरकार, समय–समय पर, सेवा में सम्मिलित पदों की संख्या में या तो स्थायी अथवा अस्थायी आधार पर वृद्धि या कमी कर सकेगी.

6. भर्ती का तरीका –

(1) सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात् –

(क) प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से या साक्षात्कार द्वारा सीधी भर्ती द्वारा या दोनों द्वारा;

(ख) अनुसूची–चार के कालम (2) में यथा विनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा;

(ग) उन व्यक्तियों की प्रतिनियुक्ति अथवा स्थानांतरण द्वारा जो ऐसी सेवा में ऐसे पद मूलतः धारण करते हैं, जैसा कि इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए.

(2) उप नियम (1) के खण्ड (क), (ख) या खण्ड (ग) के अधीन भर्ती किए गए व्यक्तियों की संख्या, अनुसूची–एक में विनिर्दिष्ट पदों की संख्या के उस प्रतिशत से किसी भी समय अधिक नहीं होगी जो अनुसूची–दो में दर्शायी गयी है.

(3) इन नियमों के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, सेवा में किसी विशिष्ट रिक्ति या रिक्तियों को, जिन्हें भर्ती की किसी विशिष्ट कालावधि के दौरान भरा जाना अपेक्षित हो भरने के प्रयोजन के लिये अपनाया जाने वाला भर्ती का तरीका या तरीके तथा प्रत्येक तरीके द्वारा भर्ती किए गए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या, प्रत्येक अवसर पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सरकार के परामर्श से अवधारित की जाएगी.

(4) उप–नियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, यदि नियुक्ति प्राधिकारी की राय में, सेवा की अत्यावश्यकताओं को देखते हुये, ऐसा करना अपेक्षित हो तो सरकार, सामान्य प्रशासन विभाग की पूर्व सहमति से, उक्त उप–नियम में विनिर्दिष्ट सेवा में भर्ती के उन तरीकों से भिन्न, ऐसे अन्य तरीके अपना सकेगी जैसा कि इस निमित्त जारी किए गए आदेश द्वारा, विहित करें।

7. **सेवा में नियुक्ति** – इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में समस्त नियुक्तियां, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएंगी और ऐसी कोई भी नियुक्ति, नियम–6 में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों में से किसी एक तरीके द्वारा चयन करने के पश्चात् ही की जाएगी, अन्यथा नहीं।

8. सीधी भर्ती के लिये पात्रता की शर्तें – चयन/परीक्षा में पात्र होने के लिये अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तें पूरी करनी आवश्यक होंगी, अर्थात् :–

(1) आयु –

(क) उसने परीक्षा/चयन होने की ठीक आगामी जनवरी के प्रथम दिन को,अनुसूची–तीन के कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट आयु पूरी कर ली हो और उक्त अनुसूची के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट आयु पूरी न की हो.

(ख) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों या अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिये उच्चतर आयु सीमा अधिकतम 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी.

(ग) उन अभ्यर्थियों के संबंध में भी,जो मध्यप्रदेश सरकार के कर्मचारी हैं या कर्मचारी रह चुके हैं, उच्चतर आयु सीमा नीचे विनिर्दिष्ट की गई सीमा तक तथा शर्तों के अध्यधीन रहते हुए शिथिलनीय होगी :–

(एक) ऐसा अभ्यर्थी, जो स्थायी सरकारी सेवक हो, 45 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये.

(दो) ऐसा अभ्यर्थी, जो अस्थायी रूप से पद धारण कर रहा हो तथा किसी दूसरे पद के लिये आवेदन कर रहा हो, 45 वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिये. यह रियायत आकस्मिकता निधि से भुगतान पाने कर्म–चारियों, कार्यभारित कर्मचारियों तथा परियोजना–कार्यान्वयन समितियों में कार्यरत कर्मचारियों को भी अनुज्ञेय होगी.

(तीन) ऐसे अभ्यर्थी को, जो छटनी किया गया सरकारी सेवक हो, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई संपूर्ण अस्थायी सेवा की अधिकतम 7 वर्ष की सीमा तक की कालावधि, भले ही वह कालावधि एक से अधिक बार की गई सेवाओं का योग हो, कम करने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा:

परंतु यह कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

स्पष्टीकरण – शब्द "छटनी किया गया सरकारी सेवक" से द्योतक है. ऐसा व्यक्ति, जो इस राज्य की या किन्हीं संघटक इकाई की अस्थायी सरकारी सेवा में कम से कम छह मास की कालावधि तक निरन्तर रहा था और जिसे रोजगार कार्यालय में अपना रजिस्ट्रीकरण कराने या–सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों या स्थापना में सामान्य रूप से कमी किए जाने के कारण सेवोन्मुक्त किया गया है.

(चार) ऐसे अभ्यर्थी को, जो भूतपूर्व सैनिक है, अपनी आयु में से उसके द्वारा पूर्व में की गई संपूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की कालावधि कम करने के लिये अनुज्ञात किया जाएगा:

परन्तु यह कि इसके परिणामस्वरूप जो आयु निकले वह उच्चतर आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो.

**स्पष्टीकरण** – शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से द्योतक है ऐसा व्यक्ति, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी प्रवर्ग में रहा हो तथा जो भारत शासन के अधीन कम से कम छह मास की कालावधि तक निरन्तर नियोजित रहा था और जिसकी किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना रजिस्ट्रीकरण कराने या सरकारी सेवा में नियोजन हेतु अन्यथा आवेदन करने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई की सिफारिशों के फलस्वरूप या स्थापना में सामान्य रूप से कमी किये जाने के कारण छटनी की गई थी या जिसे अधिशेष (सरप्लस) घोषित कर दिया गया था –

(1) ऐसा भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें सेवानिवृत्ति रियायती (मस्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया हो;

(2) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें दूसरी बार नामांकित किया गया हो और जिन्हें :–

(क) अल्पकालीन वचनबंध पूर्ण होने पर;

(ख) नामांकन संबंधी शर्तें पूर्ण कर लेने पर सेवोन्मुक्त किया गया हो.

(3) मद्रास सिविल इकाई (यूनिट) के भूतपूर्व कार्मिक;

(4) ऐसे अधिकारी जिनमें (सैनिक तथा असैनिक),जिनमें अल्पावधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी सम्मिलित है, संविदा पूरी होने पर सेवान्मुक्त किये गये हों,

(5) ऐसे अधिकारी, जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर छह मास से अधिक समय तक निरन्तर कार्य करने के पश्चात् सेवोन्मुक्त किया गया हो.

(6) ऐसे भूतपूर्व सैनिक,जिन्हें अशक्त होने के कारण सेवा से अलग कर दिया गया हो;

(7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें इस आधार पर सेवोन्मुक्त किया गया हो कि वे दक्ष सैनिक बनने योग्य नहीं है;

(8) ऐसे भूतपूर्व सैनिक; जिनको गोली लग जाने के परिणामस्वरूप घाव हो जाने आदि के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया गया हो।

(घ) विधवा, तलाकशुदा एवं निराश्रित महिला अभ्यर्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(ड़) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन कार्यक्रम के अधीन किसी दम्पत्ति के पुरस्कृत सवर्ण पति/पत्नी के मामले में उच्चतर आयु सीमा, 5 वर्ष शिथिलनीय होगी;

(च) विक्रम पुरस्कार धारक अभ्यर्थियों के मामले में उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष तक शिथिलनीय होगी;

(छ) ऐसे अभ्यर्थियों के संबंध में जो मध्यप्रदेश राज्य निगम/मंडल के कर्मचारी हैं, उच्चतर आयु सीमा 45 वर्ष तक शिथिलनीय होगी।

(ज) नगर सेना (होम गार्ड्स) के स्वयं सेवी नगर सैनिकों एवं नान–कमीशन्ड अधिकारियों के मामले में उनके द्वारा की गई नगर सेना सेवा की कालावधि के लिए उच्चतर आयु सीमा 8 वर्ष की सीमा के अध्यधीन रहते हुए शिथिलनीय होगी, किन्तु किसी भी दशा में उनकी आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए,

(झ) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए उच्चतर आयु सीमा अधिकतम दस वर्ष तक शिथिलनीय होगी परन्तु 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।

टिप्पणी – (1) ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें उपर्युक्त उप नियम (1) के खण्ड (क) के उप खण्ड (एक) तथा (दो) में उल्लिखित आयु संबंधी रियायतों के अधीन परीक्षा/चयन में पात्र पाया गया हो, यदि आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात् परीक्षा/चयन के पहले या उसके बाद, सेवा से त्याग–पत्र दे देते हैं, नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे, तथापि, यदि आवेदन–पत्र प्रस्तुत करने के पश्चात उनकी सेवा अथवा पद से

छटनी की जाती है तो वे पात्र बने रहेंगे, किसी अन्य मामले में आयु सीमा शिथिल नहीं होगी।

टिप्पणी– (2) विभागीय अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन में उपस्थित होने के लिये उनके नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुज्ञा अभिप्राप्त करनी होगी.

टिप्पणी– (3) सभी प्रकार की छूट को सम्मिलित करते हुए किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होगी। अधिकतम आयु सीमा की गणना परिपत्र क्र.सी 3–11/12/13 दिनांक 03–11–12 एवं 20.11.2012 के अनुसार की जाएगी।

(2) **शैक्षणिक अर्हताएं** – अभ्यर्थी के पास, अनुसूची–तीन में विनिर्दिष्ट की गई सेवा की विहित शैक्षणिक अर्हता होनी चाहिए :

परन्तु :–

(क) नियुक्ति प्राधिकारी, आपवादिक मामलों में, विभागीय समिति की सिफारिश पर, किसी ऐसे अभ्यर्थी को अर्हमान सकेगा, जो यद्यपि इन नियमों में विहित अर्हताओं में से कोई अर्हता न रखता हो, किन्तु जिसने अन्य संस्थाओं द्वारा संचालित परीक्षाएं ऐसे स्तर से उत्तीर्ण की हों, जो नियुक्ति प्राधिकारी की राय में परीक्षा/चयन में उपस्थित होने के लिये अभ्यर्थी के विचारण को न्याय संगत ठहराता हो;

(ख) ऐसे अभ्यर्थियों पर भी, जो अन्यथा अर्ह हैं, किन्तु जिन्होंने विदेशी विश्वविद्यालयों से उपाधि ली हो,जो ऐसे विश्वविद्यालय हैं, जिन्हें सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट रूप से मान्यता नहीं दी गई है, नियुक्ति प्राधिकारी के विवेकानुसार परीक्षा में उपस्थित होने के लिये विचार किया जा सकेगा।

(3) **फीस** – अभ्यर्थी को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विहित की गई फीस का भुगतान करना होगा.

9. निरर्हता –

(1) किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये किन्हीं भी साधनों द्वारा समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा परीक्षा/ चयन/ साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिये निरर्हिता माना जाएगा।

(2) कोई उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक संतान हैं जिसमें से एक का जन्म 26 जनवरी, 2001 या उसके पश्चात् हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा :

परन्तु ऐसा अभ्यर्थी निरर्हित नहीं होगा यदि उसकी एक सन्तान के जीवित रहते आगामी प्रसव में दो या दो से अधिक सन्तानों का जन्म होता है।

(3) कोई अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा जो महिलाओं के विरुद्ध अपराध के लिये दोष सिद्ध ठहराया गया हो:

परन्तु किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध किसी न्यायालय में यदि ऐसे मामले लंबित हैं, तो उसकी नियुक्ति/पदोन्नति का मामला आपराधिक मामले के अंतिम विनिश्चिय होने तक लंबित रखा जाएगा.

(4) कोई भी अभ्यर्थी जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु सीमा से पूर्व विवाह कर लिया हो किसी भी सेवा या पद के लिए नियुक्ति का पात्र नहीं होगा ।

10. **अभ्यर्थी की पात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चय अंतिम होगा–** किसी अभ्यर्थी की परीक्षा/चयन के लिए पात्रता या अपात्रता के संबंध में नियुक्ति प्राधिकारी का विनिश्चिय अन्तिम होगा तथा ऐसे किसी भी अभ्यर्थी को जिसे नियुक्ति प्राधिकारी ने प्रवेश प्रमाण–पत्र जारी नहीं किया हो, परीक्षा/चयन/साक्षात्कार में उपसंजात होने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

11. प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा सीधी भर्ती –

(1) भर्ती के लिए प्रतियोगिता परीक्षा ऐसे अंतरालों से ली जाएगी, जैसा कि नियुक्ति प्राधिकारी, विभाग के परामर्श से समय–समय पर, अवधारित करे।

(2) परीक्षा, नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार विभाग द्वारा संचालित की जाएगी।

(3) मध्य प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) में अंतर्विष्ट उपबंधो के अनुसार सीधी भर्ती के क्रम में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों के व्यक्तियों के लिए 16 प्रतिशत तथा 20 प्रतिशत पद आरक्षित रखे जाएंगे तथा अन्य पिछड़े वर्गो के 14 प्रतिशत आरक्षित पद होंगे।

(4) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति के लिए विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार महिला अभ्यर्थियों के लिए 30 प्रतिशत पद आरक्षित रखे जाएंगे तथा ऐसा आरक्षण क्षैतिज (होरीजोन्टल) एवं कम्पार्टमेंट वाइस होगा।

(5) ऐसे अभ्यर्थियों के लिए पद आरक्षित रखे जाएंगे जो निःशक्तजन हों या ऐसे अन्य प्रवर्गो के हों जैसा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाए। आरक्षण समस्तर रूप में और श्रेणी (होरीजोन्टल एण्ड कम्पार्टमेंट वाइस) अनुसार होगा।

स्पष्टिकरण– उपनियम (3) एवं (4) के प्रयोजन के लिए समस्तर रूप में तथा श्रेणी अनुसार आरक्षण से अभिप्रेत है प्रत्येक प्रवर्ग अर्थात् अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गो तथा अनारक्षित प्रवर्ग में आरक्षण।

(6) भूतपूर्व सैनिकों के लिए 16 प्रतिशत समस्तर रूप में और श्रेणी अनुसार आरक्षण एवं सीधी भर्ती में चतुर्थ श्रेणी के लिए 20 प्रतिशत आरक्षण होगा ।

(7) निःशक्तजन के लिए आरक्षण.–

शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए दो प्रतिशत समस्तर रूप में और श्रेणी अनुसार दृष्टिबाधित निःशक्त जनों के लिए दो प्रतिशत तथा श्रवणबाधित निःशक्तजनों के लिए दो प्रतिशत आरक्षण होगा। आरक्षण के अधीन नियुक्त किए गए अभ्यर्थियों का प्रत्येक वर्ग सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र एक क्रमांक 8–52004/ए.पी.एस/1 दिनांक 31.03.2005 के अनुसार होगा।

(8) इस प्रकार आरक्षित रिक्तियों को भरते समय, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा पिछड़े वर्गो के सदस्यो की नियुक्ति हेतु उसी क्रम में विचार किया जाएगा जिस क्रम में उनके नाम नियम 12 में निर्दिष्ट सूची में आए हों, भले ही अन्य अभ्यर्थियों की तुलना में उनका सापेक्षिक रैंक कुछ भी क्यों न हो।

(9) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो के उन अभ्यर्थियों का, जिन्हें प्रशासन में दक्षता बनाए रखने का सम्यक् ध्यान रखते हुए विभाग द्वारा नियुक्ति के लिए योग्य घोषित किया गया हो, यथास्थिति, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियों पर नियुक्त किया जा सकेगा।

(10) यदि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो के अभ्यर्थी उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न हों, तो शेष रिक्तियां सरकार की पूर्व अनुज्ञा के बिना किसी अन्य प्रवर्ग के अभ्यर्थियों से नहीं भरी जाएंगी और ये रिक्तियां अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो के लिए आगामी चयन हेतु आरक्षित रखी जाएंगी।

(11)(क) ऐसे मामलों में, सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए कुछ कालावधि का अनुभव एक आवश्यक शर्तों के रूप में विहित किया गया हो और नियुक्ति प्राधिकारी की राय में यह पाया जाता है कि आरक्षित पदों पर भर्ती के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गो के अभ्यर्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हो सकेंगे वहां नियुक्ति प्राधिकारी अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए अनुभव की शर्तों को शिथिल कर सकेगा।

(ख) (एक) सेवा के लिए अभ्यर्थी का चयन समय–समय पर सरकार द्वारा विनिश्चित कालावधि के पश्चात किया जाएगा।

(ग) चयन समिति, साक्षात्कार लेने के पश्चात, अभ्यार्थियों का चयन करेगी।

12. **चयन समिति द्वारा सिफारिश किए गए अभ्यर्थियों की सूची.–**

(1) चयन समिति, योग्यता के क्रम में ऐसे अभ्यर्थियों की एक सूची, जो ऐसे स्तर से अर्ह हों, जैसा कि चयन समिति द्वारा अवधारित किया जाए तथा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के ऐसे अभ्यर्थियों की एक सूची, जो यद्यपि उस स्तर से अर्हित नहीं हैं किन्तु जिन्हें प्रशासन में दक्षता बनाए रखने का समुचित ध्यान रखते हुए, चयन समिति द्वारा सेवा में नियुक्ति के लिये उपयुक्त घोषित किया गया हो, तैयार करेगी और नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रेषित करेगी. यह सूची सर्वसाधारण की जानकारी के लिये भी प्रकाशित की जाएगी।

(2) इन नियमों तथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, उपलब्ध रिक्तियों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति के लिये उसी क्रम में विचार किया जाएगा. जिसमें कि उनके नाम सूची में आए हों।

(3) सूची में किसी अभ्यर्थी का नाम सम्मिलित किए जाने से ही उसे नियुक्ति का कोई अधिकार तब तक प्राप्त नहीं होगा, जब तक कि नियुक्ति प्राधिकारी का, ऐसी जांच करने के पश्चात्, जैसा कि वह आवश्यक समझे, यह समाधान नहीं हो जाता कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिये सभी प्रकार से उपयुक्त है।

(4) चयन समिति द्वारा जारी चयन सूची, उसके जारी करने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के लिये विधिमान्य रहेगी।

13. **पदोन्नति द्वारा नियुक्ति –**

(1) पात्र अभ्यर्थियों की पदोन्नति के लिए चयन करने हेतु अनुसूची–चार में उल्लिखित सदस्यों से मिलकर एक समिति गठित की जाएगी :

परन्तु यदि पदोन्नति द्वारा भरे जाने वाले पदों के संबंध में विभागीय पदोन्नति समिति की अध्यक्षता करने वाले सदस्यों से भिन्न नामनिर्दिष्ट सदस्यों में से सदस्य अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के प्रवर्ग का प्रतिनिधित्व नहीं करता है तो उसी प्रास्थिति का अनुसूचित जाति या अनुसूचित जाति प्रवर्ग का एक सदस्य पदोन्नति समिति में सम्मिलित किया जाएगा और पदोन्नति समिति की सदस्य संख्या उस सीमा तक बढ़ाई जाएगी.

(2) अनुसूची–चार के कॉलम (2) विनिर्दिष्ट सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिए उसके कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट पदों पर पदोन्नति हेतु अभ्यर्थी की पात्रता चयन प्रक्रिया तथा पदोन्नति द्वारा नियुक्ति. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी नियम/अनुदेशों के अनुसार होगी ।

(3) विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक वर्ष में दो बार होगी ।

14. **पदोन्नति के लिए पात्रता की शर्तें. –**

(1) उप नियम (2) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, समिति, उन सभी व्यक्तियों के मामलों पर विचार करेगी, जिन्होंने उस वर्ष की पहली जनवरी को उन पदों पर जिनसे कि पदोन्नति की जानी है, या जिन्हें सरकार द्वारा उनके समतुल्य घोषित किए गए किसी अन्य पद या पदों पर उतने वर्षों की सेवा (चाहे स्थानापन्न रूप मे या मूल रूप में) पूर्ण कर ली हो, जैसा कि अनुसूची–चार के कॉलम (4) में विनिर्दिष्ट है और जो उप–नियम (2) के उपबंधों के अनुसार विचारण क्षेत्र में आते हों ।

**स्पष्टीकरण** – पदोन्नति के लिए पात्रता हेतु संगणना की रीति :– संबंधित वर्ष की, जिसमें विभागीय पदोन्नति समिति आहूत की जाती है, एक जनवरी को अर्हकारी सेवा की कालावधि की गणना, उस कलैण्डर वर्ष से की जायेगी, जिसमें लोक सेवक फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आता है और फीडर संवर्ग/सेवा के भाग/पद के वेतनमान में आने की तारीख से विचार नहीं किया जाएगा।

(2) पदोन्नति के लिये विचारण क्षेत्र सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी नियम/अनुदेशों के अनुसार होगी ।

15. **उपयुक्त अभ्यर्थियों की सूची का तैयार किया जाना –**

(1) समिति, ऐसे व्यक्तियों की एक सूची तैयार करेगी, जो नियम में विहित शर्तों को पूरा करते हों तथा जो समिति द्वारा सेवा में पदोन्नति के लिए उपयुक्त समझे गए हों. यह सूची, चयन सूची तैयार किए जाने की तारीख से एक वर्ष के दौरान सेवानिवृत्ति/पदोन्नति के कारण होने वाली प्रत्याशित रिक्तियों को भरने के लिए पर्याप्त होगी. उक्त चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की संख्या के 25 प्रतिशत व्यक्तियों को समाविष्ट करते हुए एक आरक्षित सूची भी पूर्वोक्त कालावधि के दौरान होने वाली अनवेक्षित रिक्तयों को भरने के लिये प्रस्तावित की जाएगी।

(2) चयन सूची तैयार करने के लिए मानदंड सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी नियम/अनुदेशों के अनुसार होगी।

(3) प्रत्येक चयन सूची के तैयार करते समय, चयन सूची में सम्मिलित किए गए व्यक्तियों के नाम अनुसूची–चार के कॉलम (2) में यथा विनिर्दिष्ट सेवा या पदों में ज्येष्ठता के क्रम में रखे जाएंगे।

**स्पष्टीकरण** – ऐसे व्यक्ति का, जिसका नाम चयन सूची में सम्मिलित किया गया हो, किन्तु जो सूची की विधिमान्यता के दौरान पदोन्नत नहीं किया गया हो, केवल उसके पूर्वतर चयन के तथ्य से ही उन व्यक्तियों पर जिन पर पश्चात्वर्ती चयन में विचार किया गया है, ज्येष्ठता का कोई दावा नहीं होगा।

(4) इस प्रकार तैयार की गई सूची का प्रत्येक वर्ष पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण किया जाएगा।

(5) यदि चयन, पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण की प्रक्रिया में यह प्रस्तावित हो कि सेवा के किसी सदस्य का अधिक्रमण किया जाए तो समिति, प्रस्तावित अधिक्रमण के संबंध में अपने कारणों का लेखबद्ध करेगी।

16. चयन सूची –

(1) नियुक्ति प्राधिकारी, समिति से प्राप्त अन्य दस्तावेजों के साथ समिति द्वारा तैयार की गई सूची पर विचार करेगा और जब तक कि वह कोई परिवर्तन आवश्यक न समझें, सूची को अनुमोदित करेगा।

(2) यदि नियुक्ति प्राधिकारी, समिति से प्राप्त सूची में कोई परिवर्तन करना आवश्यक समझे तो वह प्रस्तावित परिवर्तनों की सूचना समिति को देगा तथा समिति की टिप्पणियों को, यदि कोई हो, विचार में लेने के पश्चात्, सूची को ऐसे उपांतरणों के साथ, यदि कोई हों, अंतिम रूप से अनुमोदित कर सकेगा जो उसकी राय में न्यायसंगत तथा उचित हो।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा अंतिम रूप से अनुमोदित सूची, अनुसूची–चार के कॉलम (2) में उल्लिखित किए गए पदों से उक्त अनुसूची के कॉलम (3) में उल्लिखित किए गए पदों पर सेवा के सदस्यों की पदोन्नति के लिये चयन सूची होगी।

(4) चयन सूची, सामान्यतः तब तक प्रवृत्त रहेगी जब तक कि नियम 16 के उप नियम (4) के अनुसार उसका पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण नहीं किया जाता किन्तु उसकी विधिमान्यता उसे तैयार किये जाने की तारीख से 18 मास की कुल कालावधि से अधिक नहीं बढ़ाई जाएगी:

परन्तु चयन सूची में सम्मिलित किए गए किसी व्यक्ति की ओर से आचरणया कर्तव्यों के निर्वहन में गंभीर चूक होने की दशा में, नियुक्ति प्राधिकारी की प्रेरणा पर चयन सूची का विशेष पुनर्विलोकन किया जा सकेगा और समिति, यदि वह उचित समझे, तो ऐसे व्यक्ति का नाम चयन सूची से हटा सकेगी।

17. चयन सूची से सेवा में नियुक्ति –

(1) चयन सूची में सम्मिलित व्यक्तियों की सेवा के संवर्ग (काडर) के पदों पर नियुक्ति उसी क्रम में की जाएगी, जिसमें ऐसे अभ्यर्थियों के नाम चयन सूची में आए हों।

(2) किसी ऐसे व्यक्ति की, जिसका नाम सेवा की चयन सूची में सम्मिलित है, सेवा में नियुक्ति के पूर्व समिति से परामर्श करना सामान्यतः तब तक आवश्यक नहीं होगा जब तक कि चयन सूची में उसका नाम सम्मिलित किये जाने और प्रस्तावित नियुक्ति की तारीख के बीच की कालावधि के दौरान उसके कार्य में ऐसी गिरावट न आई हो, जिससे कि वह नियुक्ति प्राधिकारी की राय में सेवा में नियुक्ति के लिए उसे अनुपयुक्त हो गया हो ।

18. परिवीक्षा – सेवा में पदोन्नत किए गए प्रत्येक व्यक्ति को दो वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा।

19. निर्वचन – यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्भूत होता है तो उसे सरकार को निर्दिष्ट किया जाएगा, जिसका उस पर विनिश्चय अंतिम होगा।

20. शिथिलीकरण –इन नियमों में की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह किसी ऐसे व्यक्ति के मामले जिसे ये नियम लागू होते हैं, राज्यपाल की, ऐसी रीति में, जो उसे न्यायसंगत तथा साम्यपूर्ण प्रतीत होती हो, कार्यवाही करने की शक्ति को सीमित या कम करती है:

परन्तु कोई मामला ऐसी रीति से नहीं निपटाया जाएगा, जो कि इन नियमों में उपबंधित रीति की अपेक्षा उसके लिए कम अनुकूल हो।

21. रिकार्ड रखरखाव एवं नष्टीकरण – भर्ती का अभिलेख भर्ती की दिनांक से तीन वर्ष तक अथवा अगली भर्ती होने तक जो भी पहले हो सुरक्षित रखा जाएगा, तत्पश्चात् जब कोई प्रकरण या शिकायत किसी न्यायालय या सक्षम प्राधिकारी के पास लम्बित हो तो उसे पृथक् कर सील बंद लिफाफे में रखकर शेष अभिलेख नियमानुसार कमेटी बनाकर नष्ट किए जाने वाले अभिलेख को निर्धारित रजिस्टर में दर्ज किया जाकर नष्टीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

22. निरसन तथा व्यावृत्ति – मध्यप्रदेश पुलिस तकनीकी कार्यपालिक (अराजपत्रित) सेवा भरती नियम, 1988 एतद्द्वारा, निरसित किए जाते हैं:

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया आदेश या की गई किसी कार्यवाई के संबंध में यह समझा जाएगा कि वह इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन किया गया आदेश या की गई कार्यवाई है।

## अनुसूची "एक"
(नियम 5 देखिये)
सेवा का वर्गीकरण, वेतनमान तथा पदों की संख्या

| अनु क्रमांक | पदों के नाम गृह पुलिस विभाग | भोपाल | इंदौर | कुल पद | प्रवर्ग | वेतनमान | नियुक्ति प्राधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
| 1 | अधीक्षक निरीक्षक (तकनीकी ) | 1 | 1 | 2 | तृतीय श्रेणी | 9300—34800 ग्रेड वेतन 4200 | पुलिस उप महानिरीक्षक |
| 2 | अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी हिन्दी स्टेनोग्राफी ,सूबेदार (तकनीकी) | 1 | — | 1 | तृतीय श्रेणी | 9300—34800 ग्रेड वेतन 3600 | पुलिस उप महानिरीक्षक |
| 3 | अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी अंग्रेजी स्टेनोग्राफी सूबेदार (तकनीकी) | 1 | — | 1 | तृतीय श्रेणी | 9300—34800 ग्रेड वेतन 3600 | पुलिस उप महानिरीक्षक |
| 4 | अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी उपनिरीक्षक (भाषा हिन्दी) | 1 | — | 1 | तृतीय श्रेणी | 9300—34800 ग्रेड वेतन 3600 | पुलिस उप महानिरीक्षक |
| 5 | अनुदेशक / प्रशिक्षणअधिकारी उपनिरीक्षक (भाषा अंग्रेजी) | 1 | — | 1 | तृतीय श्रेणी | 9300—34800 ग्रेड वेतन 3600 | पुलिस उप महानिरीक्षक |
| 6 | अनुदेशक / (प्रशिक्षण अधिकारी) उपनिरीक्षक (व्यापार प्रबंधन) | 1 | — | 1 | तृतीय श्रेणी | 9300—34800 ग्रेड वेतन 3600 | पुलिस उप महानिरीक्षक |
| 7 | शिल्प अनुदेशक कनिष्ट, प्रशिक्षण अधिकारी उपनिरीक्षक (तकनीकी) | 6 | 2 | 8 | तृतीय श्रेणी | 9300—34800 ग्रेड वेतन 3600 | पुलिस उप महानिरीक्षक |
| 8 | शिल्प अनुदेशक वरिष्ठ, प्रशिक्षण अधिकारी उपनिरीक्षक (तकनीकी) | 2 | — | 2 | तृतीय श्रेणी | 9300—34800 ग्रेड वेतन 3600 | पुलिस उप महानिरीक्षक |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **9** | अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी ट्रेड, इंजीनियरिंग ड्राइंग, गणित उप निरीक्षक (तकनीकी) | 1 | 2 | 3 | तृतीय श्रेणी | 9300—34800 ग्रेड वेतन 3600 | पुलिस उप महानिरीक्षक |
| **10** | अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी सामाजिक अध्ययन उप निरीक्षक (तकनीकी) | 1 | 1 | 2 | तृतीय श्रेणी | 9300—34800 ग्रेड वेतन 3600 | पुलिस उप महानिरीक्षक |
| **11** | कर्मशाला सहायक प्रधान आरक्षक (अ) (तकनीकी) | 2 | 2 | 4 | चतुर्थ श्रेणी | 4400—7400 ग्रेड वेतन 1400 | पुलिस उप महानिरीक्षक |
| **12** | छात्रावास अधीक्षक सहायक उप निरीक्षक (तकनीकी) | 1 | 1 | 2 | तृतीय श्रेणी | 5200—20200 ग्रेड वेतन 2400 | पुलिस उप महानिरीक्षक |
| **13** | भण्डार सहायक प्रधान आरक्षक (अ) (तकनीकी) | 1 | 1 | **02** | चतुर्थ श्रेणी | 4400—7400 ग्रेड वेतन 1400 | पुलिस उप महानिरीक्षक |
| | योग | **20** | **10** | **30** | | | |

## अनुसूची "दो"
**(नियम 6 देखिये)**
## भर्ती का तरीका

| अनु क्रमांक | सेवा में सम्मिलित सेवाया पदों के नाम | कुल पदों की संख्या | भरे जाने वाले पदों की संख्या की प्रतिशतता | | | *अभ्युक्तियां* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सीधी भरती द्वारा नियम (6) (क) देखिये | सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा नियम (6) (ख) देखिये, | अन्य सेवाओं से प्रतिनियुक्ति या स्थानान्तरण द्वारा नियम (6)(1)(ग) | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| 1 | अधीक्षक निरीक्षक (तकनीकी) | 2 | | 75—25 प्रतिशत टिप्पणी के अनुसार | | कृपया पाद टीप 1 से 3 देखें |
| 2 | अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी (हिन्दी स्टेनोग्राफी) सूबेदार (तकनीकी) | 1 | 100 प्रतिशत | — | — | एकांगी प्रवर्ग |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | अनुदेशक/प्रशिक्षण अधिकारी (अंग्रेजी स्टेनोग्राफी) सूबेदार(तकनीकी) | 1 | 100 प्रतिशत | – | – | एकांगी प्रवर्ग |
| 4 | अनुदेशक/प्रशिक्षण अधिकारी उपनिरीक्षक (भाषा हिन्दी) | 1 | 100 प्रतिशत | – | – | एकांगी प्रवर्ग |
| 5 | अनुदेशक/प्रशिक्षण अधिकारी उप निरीक्षक (भाषा अंग्रेजी) | 1 | 100 प्रतिशत | – | – | एकांगी प्रवर्ग |
| 6 | अनुदेशक/प्रशिक्षण अधिकारी (व्यापार प्रबंधन) उप निरीक्षक (तकनीकी) | 1 | 100 प्रतिशत | – | – | एकांगी प्रवर्ग |

| अनु क्रमांक | सेवा में सम्मिलित सेवाया पदों के नाम | कुल पदों की संख्या | भरे जाने वाले पदों की संख्या की प्रतिशतता | | | *अभ्युक्तियां* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सीधी भरती द्वारा नियम (6) (क) देखिये | सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा नियम (6) (ख) देखिये, | अन्य सेवाओं से प्रतिनियुक्ति या स्थानान्तरण द्वारा नियम (6)(1)(ग) | |
| 7 | शिल्प अनुदेशक कनिष्ठ /प्रशिक्षण अधिकारी उप निरीक्षक (तकनीकी) | 8 | 85 प्रतिशत | 15 प्रतिशत | – | – |
| 8 | शिल्प अनुदेशक वरिष्ठ / प्रशिक्षण अधिकारी उप निरीक्षक (तकनीकी) | 2 | – | 100 प्रतिशत | – | – |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | अनुदेशक/ प्रशिक्षण अधिकारी (इंजी0 ड्राइंग /गणित/अलाइड) उप निरीक्षक (तकनीकी) | 3 | 85 प्रतिशत | 15 प्रतिशत | | |
| 10 | अनुदेशक/प्रशिक्षण अधिकारी सामाजिक अध्ययन उप निरीक्षक (तकनीकी) | 2 | 100 प्रतिशत | | | एकांगी प्रवर्ग |
| 11 | कर्मशाला सहायक प्रधान आरक्षक (अ) (तकनीकी) | 4 | 100 प्रतिशत | | | |
| 12 | छात्रावास अधीक्षक सहायक उप निरीक्षक (तकनीकी) | 2 | 100 प्रतिशत | — | — | एकांगी प्रवर्ग |
| 13 | भण्डार सहायक प्र0आर0 (अ) (तकनीकी) | 2 | 85 प्रतिशत | 15 प्रतिशत | — | |
| | योग | 30 | | | | |

**पाद टीप :—**

(1) ' अधीक्षक के 25 प्रतिशत पदों पर पदोन्नति ऐसे प्रशिक्षण अधिकारियों (ट्रेड, इंजीनियरिंग, ड्राईंग, गणित, अलाईड) से भरे जा सकेंगे जिन्होंने मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग में उपाधि या डिप्लोमा प्राप्त किया हो तथा फीडर संवर्ग में पांच वर्षों का अनुभव हो।

(2) उस दशा में यदि सं.क्र. 1 के अभ्यर्थी उपलब्ध न हों तो रिक्तियां फिडिंग कॉडर की वरिष्ठता सूची से गैर डिप्लोमा/गैर (उपाधि) धारकों से भरी जा सकेंगी, इसी प्रकार यदि डिप्लोमा/ (उपाधि) धारक अभ्यर्थी की संख्या, भरे जाने वाले रिक्त पदों की संख्या से अधिक है तो शेष अभ्यर्थियों को फीडिंग कॉडर की संयुक्त वरिष्ठतानुसार सूची से गैर डिप्लोमा/गैर (उपाधि) धारक अभ्यर्थियों के साथ पदोन्नत किया जा सकेगा ।

(3) पदोन्नत प्रशिक्षण अधीक्षक की वरिष्ठता फीडिंग कॉडर की वरिष्ठता अनुसार होगी ।

## अनुसूची "तीन"
### (नियम 8 देखिये)
### सीधी भर्ती के लिए अनिवार्य अर्हताएं तथा आयु सीमा

| अनु क्रमांक | सेवा या पद का नाम | न्यूनतम आयु सीमा | अधिकतम आयु सीमा | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1 | (1) अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी, हिन्दी स्टेनोग्राफी, **,सूबेदार (तकनीकी )** | 18 | 40 | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए। 2. म.प्र. शीघ्र लेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा बोर्ड / अखिल भारतीय या राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से 100 शब्द प्रतिमिनट गति से हिन्दी शीघ्र लेखन एवं 25 शब्द प्रतिमिनट से हिन्दी मुद्रलेखन उत्तीर्ण होना चाहिए। 3. कम से कम 5 वर्ष का अनुभव, 4. कम्प्यूटर संचालन का ज्ञान होना चाहिए। सीपीसीटी के नियम भी लागू होगें। |
| | (2) अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी, अंग्रेजी स्टेनोग्राफी **,सूबेदार (तकनीकी )** | 18 | 40 | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण, 2. म.प्र. शीघ्र लेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा बोर्ड / अखिल भारतीय या राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से 100 शब्द प्रतिमिनट गति से अग्रेंजी शीघ्र लेखन एवं 30 शब्द प्रतिमिनट से अंग्रेजी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। 3. कम से कम 5 वर्ष का अनुभव, 4. कम्प्यूटर संचालन का ज्ञान होना चाहिए। सीपीसीटी के नियम भी लागू होगें। |
| 2 | (1) अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी, **उप निरीक्षक** (भाषा हिन्दी) | 18 | 40 | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी साहित्य में स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए। 2 मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड. परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| | (2). अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी, **उपनिरीक्षक** (भाषा अंग्रेजी) | 18 | 40 | 1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक उत्तीर्ण होना चाहिए। 2 मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड. उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| 3 | अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी, (व्यापार प्रबंधन) उप निरीक्षक (तकनीकी) | 18 | 40 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.बी.ए. / एम.बी.ए. / एम.कॉम उत्तीर्ण होना चाहिए। |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 4. | 1.अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी, मैकेनिक(मोटर व्हीकल),मैकेनिक (डीजल) **उप निरीक्षक (तकनीकी ).** | 18 | 4.0 | 1. हाई स्कूल प्रमाण–पत्र या पुरानी पद्धति से 11 वीं उत्तीर्ण, 2. अभ्यर्थी को राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद्, से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण–पत्र / राज्य ट्रेड प्रमाण–पत्र या सुसंगत ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण–पत्र या मान्यता प्राप्तविश्वविद्यालय / बोर्डसे आटोमोबाइल इंजीनियरिंग में डिग्री (उपाधि) / डिप्लोमा उत्तीर्ण होना चाहिए, 3 .अभ्यर्थी को सुसंगत व्यवसाय क्षेत्र में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए, 4. हल्के मोटर व्हीकल का लाइसेंस अनिवार्य है.। |
| | 2.अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, रेडियो तथा टी.व्ही. मैकेनिक **उप निरीक्षक (तकनीकी ).** | 18 | 40 | 1. हाई स्कूल प्रमाण–पत्र या पुरानी पद्धति से 11 वीं उत्तीर्ण, 2. अभ्यर्थी को राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद्, से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण–पत्र / राज्य ट्रेड प्रमाण–पत्र या सुसंगत ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण–पत्र या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / बोर्ड से इलेक्ट्रॉनिक्स टेली कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में डिग्री (उपाधि) / डिप्लोमा उत्तीर्ण होना चाहिए, 3 .अभ्यर्थी को सुसंगत व्यवसाय क्षेत्र में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| | 3.अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी, वेल्डर,एलाइड **उप निरीक्षक (तकनीकी )** | 18 | 40 | 1. हाई स्कूल प्रमाण–पत्र या पुरानी पद्धति से 11 वीं उत्तीर्ण,<br>2. अभ्यर्थी को राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद्/ राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद, से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण–पत्र/राज्य ट्रेड प्रमाण–पत्र या सुसंगत ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण–पत्र या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से मैकेनिकल, प्रोडक्शन तथा मन्युफेक्चरिंग इंजीनियरिंग में डिग्री (उपाधि)/डिप्लोमा उत्तीर्ण होना चाहिए,<br>3 . अभ्यर्थी को सुसंगत व्यवसाय क्षेत्र में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए, |
| | 4.अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी, स्वीइंग तकनीकी, ड्रेस मेकिंग, **उप निरीक्षक (तकनीकी )** | 18 | 40 | 1 1. हाई स्कूल प्रमाण–पत्र या पुरानी पद्धति से 11 वीं उत्तीर्ण,<br>2. अभ्यर्थी को राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद्/ राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद, से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाण–पत्र/राज्य ट्रेड प्रमाण–पत्र या सुसंगत ट्रेड में राष्ट्रीय ट्रेड परिषद् से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण–पत्र या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से कास्ट्यूम डिजाइन तथा ड्रेस मेकिंग गारमेन्ट टेक्नालॉजी में डिग्री (उपाधि)/डिप्लोमा उत्तीर्ण होना चाहिए,<br>3 . अभ्यर्थी को सुसंगत व्यवसाय क्षेत्र में कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए, |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| | 5.अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी, इंजीनियरिंग ड्राइंग / गणित **उपनिरीक्षक (तकनीकी)** | 18 | 40 | 1. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से या समकक्ष हाई स्कूल प्रमाणपत्र या पुरानी पद्धति से 11 वीं (गणित, भौतिक शास्त्र एवं रसायन शास्त्र विषय) के साथ।<br>2. अभ्यर्थी को राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् / ड्राफ्समेन मेकेनिकल ट्रेड में अखिल भारतीय / राज्य व्यवसायिक परीक्षा उत्तीर्ण या राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाण–पत्र परीक्षा उत्तीर्ण या मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / बोर्ड से (उपाधि) / डिप्लोमा होना चाहिए।<br>3 ट्रेड से संबंधित कम से कम 3 वर्ष का अनुभव। |
| 5 | अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी (सामाजिक अध्ययन) **उपनिरीक्षक (तकनीकी )** | 18 | 40 | 1. समाजशास्त्र / मनोविज्ञान में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण होनी चाहिए।<br>2. अनुभव अनिवार्य नहीं है किन्तु अनुभवी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी । |
| 6 | कर्मशाला सहायक **प्रधान आरक्षक (अ) (तकनीकी )** | 18 | 40 | 1 हाई स्कूल प्रमाण–पत्र।<br>2. अभ्यर्थी को राष्ट्रीय / राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से संबंधित व्यवसायों में अखिल भारतीय / राज्य व्यवसायिक परीक्षा उत्तीर्ण संबंधित व्यवसायों में अखिल भारतीय शिक्षुता उत्तीर्ण, |

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| 7 | छात्रावास अधीक्षक/ व्यायाम अनुदेशक **सहायक उप निरीक्षक (अ) (तकनीकी)** | 18 | 40 | 1. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाई स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण या उसके समकक्ष, 2 व्यायाम प्रशिक्षण (फिजीकल ट्रेनिंग) में डिप्लोमा या मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक हो, |
| 8 | भंडार सहायक **प्रधान आरक्षक (अ) (तकनीकी )** | 18 | 40 | हाई स्कूल परीक्षा या समकक्ष |

**टीप :-**

1 समस्त प्रशिक्षण अधिकारियों ( ट्रेड, इंजीनियरिंग ड्राइंग, गणित ,एलाइट)को डी.जी.ई.टी. से एक वर्षीय अनुदेशक प्रशिक्षण उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा , जिन व्यवसायों में एक वर्षीय अनुदेशक प्रशिक्षण नही होता है और जिन व्यवसायों में यह प्रशिक्षण होता है किन्तु प्रशिक्षण अधिकारी को पांच वर्ष का अनुभव हो गया है उन्हे उच्च संस्थानों (डी.जी.ई.टी. के संस्थानों.) से तीन माह का प्रिंसिपल्स ऑफ टीचिंग (Principles of Teaching) कोर्स उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा उक्त के अभाव में वेतन वृद्धि एवं उच्च पद पर पदोन्नति का लाभ नहीं दिया जा सकेगा ।

2. प्रशिक्षण अधिकारी, सूबेदार/उप निरीक्षक (तकनीकी) हिन्दी स्टेनोग्राफी, अंग्रेजी स्टेनोग्राफी ,भाषा हिन्दी भाषा अंग्रेजी,व्यापार प्रबंधन तथा सामाजिक अध्ययन के लिये विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा। यदि उपरोक्त वर्णित परीक्षा उत्तीर्ण नहीं हैं तो वे पदोन्नति या वेतन वृद्धि के पात्र नहीं होगें।

## अनुसूची "चार"
## (नियम 13 देखिये)
## पदोन्नति हेतु अनुभव एवं अर्हताएं

| अनुक्रमांक | उस पद का नाम जिससे पदोन्नति की जानी है । | उस पद का नाम जिस पर पदोन्नति की जानी है | पदोन्नति हेतु सेवा की न्यूनतम कालावधि व अनुभव | विभागीय पदोन्नति समिति के सदस्य |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1 | अनुदेशक / प्रशिक्षण अधिकारी, उप निरीक्षक (तकनीकी) | अधीक्षक, निरीक्षक (तकनीकी) | 5 वर्ष का अनुभव अनुदेशक उप निरीक्षक (तकनीकी) (ट्रेड,इंजीनियरिंग, ड्राइंग,गणित, एलाइड) (सामाजिक अध्ययन को छोड़कर) | पुलिस महानिरीक्षक, – अध्यक्ष उप पुलिस महानिरीक्षक संवर्ग के दो सदस्य (पुलिस महानिदेशक म.प्र. द्वारा नामांकित) विभागीय पदोन्नति नियमों के अनुसार |
| 2 | कर्मशाला सहायक, प्रधान आरक्षक (अ) (चतुर्थ–श्रेणी तकनीकी) | प्रशिक्षणअधिकारी उप निरीक्षक (तकनीकी) | 5 वर्ष का अनुभव, कर्मशाला सहायक, प्रधान आरक्षक (अ) (तकनीकी) टीप– सिर्फ तभी पदोन्नति दी जाएगी जब पद रिक्त है तो तब ऐसी दशा में जब पदोन्नति दी जा सकेगी जब कनिष्ठ कर्मचारी के कुछ ग्रेड के पद रिक्त है। जब वह अन्य किसी व्यवसाय (ट्रेड) में उस समय वरिष्ठ है। | उप पुलिस महानिरीक्षक संवर्ग के तीन सदस्य इनमें से एक वरिष्ठ अध्यक्ष तथा अन्य दो सदस्य होंगे। विभागीय पदोन्नति नियमों के अनुसार। |
| 3 | भण्डार सहायक, प्रधान आरक्षक (अ) (चतुर्थ श्रेणी तकनीकी) | स्टोर कीपर, सहायक उप निरीक्षक (अ) (तकनीकी) | 5 वर्ष का अनुभव भण्डार सहायक, प्रधान आरक्षक (अ) (चतुर्थ श्रेणी तकनीकी) | उप पुलिस महानिरीक्षक संवर्ग के तीन सदस्य इनमें से एक वरिष्ठ अध्यक्ष तथा अन्य दो सदस्य होंगे। विभागीय पदोन्नति नियमों के अनुसार। |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

**आर. आर. भोंसले,** उपसचिव.

Bhopal, the 7th December 2017

No 2(a)70/2012/B-4/II-In exercise of the powers conferred by the provison to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Madhya Pradesh,hereby, makes the following rules relating to the recruitment and conditions of service of the member of the Madhya Pradesh Police Technical Executive(Non-Gazetted) Class III Service, namely :—

## RULES

**1. Short Title and Commencement.—**

(1) These rules may be called the Madhya Pradesh Police Technical Executive (Non-Gazetted) Class III Services Recruitment Rule, 2017.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Madhya Pradesh Gazette.

**2. Definitions.—**

In these rule, unless the context otherwise requires,—

(a) **"Appointing Authority"** means the authority as specified in column(8) of Schedule -I;

(b) **"Committee"** means a Departmental Promotion Committee as specified in Schedule IV;

(c) **"Director"** means Director General of Police, Madhya Pradesh;

(d) **"Examination"** means the competitive examination for recruitment to the service under Rule 11;

(e) **"Government"** means the Government of Madhya Pradesh;

(f) **"Governor"** means the Governor of Madhya Pradesh;

(g) **"Other Backward Classes"** means the Other Backward Classes of citizens as specified by the State Government *vide* Notification No.F-8-5-XXV-4-84, dated 26th December,1984 as amended from time to time;

(h) **"Schedule"** means the schedules appended to these rules;

(i) **"Scheduled Castes"** means any Caste, race or tribe or part of or group within a race or tribe specified as Scheduled Castes with respect to the State of Madhya Pradesh under Article 341 of the Constitution of India;

(j) **"Scheduled Tribes"** means any tribe, tribal community or part of group within a tribe or tribal community specified as Scheduled Tribes with respect to the State of Madhya Pradesh under Article 342 of the Constitution of India;

(k) **"Service"** means the Madhya Pradesh Police Technical Executive (Non-Gazetted) Service;

(l) **"State"** means the State of Madhya Pradesh.

**3. Scope and Application.**— Without prejudice to the generality of the provisions contained in the Madhya Pradesh Civil Services (General Conditions of Services) Rules, 1961, these rules shall apply to every member of the service.

**4. Constitution of the Service.**—

The Service shall consist of the following persons, namely,—

(1) Persons, who at the commencement of these rules are holding substantively or in an officiating capacity, the posts specified in Schedule-I.

(2) Persons recruited to the Service before the commencement of these rules; and

(3) Persons recruited to the service in accordance with the provisions of these rules.

**5. Classification, Scale of Pay etc.** —

The Classification, the number of post included in the service and the Scale of Pay attached thereto, shall be as specified in Schedule-I :

Provided that the Government, may, from time to time add to or reduce the number of posts included in the Service either on a permanent or temporary basis

**6. Methods of Recruitment—**

(1) Recruitment to the Service, shall be made by the following methods, namely.—

(a) by direct recruitment through competitive examination or by Interview or by both;

(b) by Promotion of the members of the Service as specified in column (2) of schedule IV;

(c) by deputation or transfer of persons holding substantively on such post in such service as may be specified in this behalf by the State Government.

(2) The number of persons recruited under clause (a), (b) or clause (c) of sub-rule (1) shall not at any time exceed the percentage shown in Schedule II of the number of posts as specified in Schedule -I.

(3) Subject to the provisions of these rules the method or methods of filling any particular vacancy or vacancies in the service as may be required to be filled during any particular period of recruitment and the number of persons to be recruited by each method shall be determined on each occasion by the Appointing Authority in consultation with the Government.

(4) Notwithstanding anything contained in sub-rule (1), if in the opinion of the Appointing Authority the exigencies of the service so require, it may, with prior concurrence of General Administration Department, adopt such methods of recruitment to the service other than those specified in the said sub-rule, as it may prescribe by order issued in this behalf.

**7. Appointment to the service.—**

All Appointments in the Service, after the commencement of these rules, shall be made by the Appointing Authority and no such appointment shall be made except after selection by one of the methods of recruitment as specified in Rule-6.

**8. Conditions of eligibility for direct recruitment.—**

In order to be eligible for Selection/ Examination, a candidate must satisfy the following conditions, namely:—

(1) **Age.—**

(a) He must have attained the age as specified in Column (3) of Schedule III and not have attained the age specified in Column (4) of said Schedule on the first day of January next following the year in which Examination/Selection is to be held.

(b) The upper age limit shall be relaxable upto a maximum of *5* years if a candidate belongs to a the Scheduled Caste/Scheduled Tribe and Other Backward Classes.

(c) The upper age limit shall also be relaxable in respect of candidates who are or have been employees of the Madhya Pradesh Government to the extent and subject to the conditions specified below,—

(i) A Candidate who is a permanent Government Servant shall not be more than 45 years of age.

(ii) A Candidate holding a post temporarily and applying for another post should not be more than 45 years of age. This Concession shall also be admissible to contingency paid employees, work charged employee and employees working under the Project Implementing Committees.

(iii) A Candidate who is a retrenched Government Servant shall be allowed to deduct from his age the period of all temporary Service previously rendered by him up to a maximum limit of 7 years even if it represents more than one spell :

provided that, the resultant age does not exceed the upper age limit by more than three years.

**Explanation** .— The term "Retrenched Government Servant" denotes a person who was in temporary Government Service of the State or of any constituent units for a continuous period of not less than six months and who was discharged because of recommendation of the economic unit or due to normal reduction in the establishment not more than three years prior to the date of his registration at any Employment Exchange or an application made otherwise for employment in Government Service,

(iv) A Candidate, who is an ex-serviceman, shall be allowed to deduct from his age the period of all defence service previously rendered by him :

provided that, the resultant age does not exceed the upper age limit by more than three years.

**Explanation.**— The term "Ex- Serviceman" denotes a person who belongs to any of the following categories and who was employed under the Government of India for a Continuous period of not less than six months and who was retrenched or declared surplus as a result of the recommendation of the Economy Unit or due to normal reduction in the establishment not more than three years before the date of his registration at any Employment Exchange or of application made otherwise for employment in Government service,—

(1) Ex-Serviceman released under mustering out concessions.

(2) Ex-Servicemen enrolled for the Second time and discharged on,—

(a) Completion of Short-term engagement;

(b) Fulfilling the conditions of enrolment.

(3) Ex-personnel of Madras Civil Unit.

(4) Officers (Military and Civil) discharged on completion of their contract, including short Service Regular Commissioned Officers.

(5) Officers discharged after working for more than six months continuously against leave vacancies.

(6) Ex-Servicemen invalidated out of Service.

(7) Ex-Servicemen discharged on the ground that they are unlikely to become efficient soldiers.

(8) Ex-Servicemen who is medically, boarded out on account of Gun shot, wounds etc.

(d) The Upper Age limit shall be relaxable up to five years in respect of widow, destituted and divorced women candidates;

(e) The Upper Age limit shall be relaxable upto 5 years in respect of an awarded superior caste partner of a couple under the inter-cast marriage incentive programme of the Scheduled Tribal, Scheduled Cast and other Backward Classes Welfare Department;

